हिन्दी / HINDI

प्रश्न-पत्र I / Paper I

(साहित्य) / (LITERATURE)

निर्धारित समय : तीन घंटे	अधिकतम अंक : 250
Time Allowed : **Three** Hours	Maximum Marks : 250

प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

*कुल **आठ** प्रश्न हैं, जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं ।*

*उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*प्रश्न सं. **1** और **5** अनिवार्य हैं और शेष में से **तीन** प्रश्नों का उत्तर दिया जाना है, जिनमें प्रत्येक खण्ड में से कम-से-कम **एक** प्रश्न होना चाहिए ।*

प्रत्येक प्रश्न / भाग के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

*उत्तर **हिन्दी** (देवनागरी लिपि) में ही लिखे जाएँगे ।*

जिन प्रश्नों के संबंध में अधिकतम शब्द संख्या निर्धारित है, वहाँ इसका अनुपालन किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तर की गणना संख्यात्मक क्रम में की जाएगी । यदि किसी प्रश्न को काटा नहीं गया, तो उस प्रश्न को गिन लिया जाएगा भले ही उसका उत्तर आंशिक तौर पर क्यों न लिखा गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका का कोई भी पृष्ठ अथवा पृष्ठ का भाग, जो खाली छोड़ा गया हो, उसे स्पष्ट रूप से काट दिया जाना चाहिए ।

Question Paper Specific Instructions

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

The number of marks carried by a question / part is indicated against it.

*Answers must be written in **HINDI** (Devanagari Script).*

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

SECTION A

Q1. **निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए :** *10×5=50*

(a) देवनागरी लिपि की विशेषताएँ *10*

(b) हिन्दी भाषा का मानक स्वरूप *10*

(c) पश्चिमी हिन्दी की प्रमुख बोलियाँ *10*

(d) रहीम की काव्य भाषा और उसकी विशेषताएँ *10*

(e) संत साहित्य में अवधी का योगदान *10*

Q2. (a) विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में हिन्दी भाषा के प्रयोग की स्थिति का आकलन कीजिए । *20*

(b) आरंभिक हिन्दी के विकास में-अपभ्रंश की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । *15*

(c) हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने में नागरी प्रचारिणी सभा, काशी और दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, चेन्नई (मद्रास) की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए । *15*

Q3. (a) पारिभाषिक शब्दावली से आप क्या समझते हैं ? हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली निर्माण के इतिहास का उदाहरण सहित मूल्यांकन कीजिए । *20*

(b) खड़ी बोली हिन्दी के साथ उसकी प्रमुख बोलियों के अन्तःसंबंध पर प्रकाश डालिए । *15*

(c) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की राष्ट्रीय चेतना की मुखर अभिव्यक्ति हिन्दी साहित्य में हुई है – सोदाहरण समीक्षा कीजिए । *15*

Q4. (a) राजभाषा के रूप में हिन्दी को सर्वस्वीकार्य बनाने के लिए क्या क़दम उठाए जाने चाहिए ? सविस्तार उल्लेख कीजिए । *20*

(b) दक्खिनी हिन्दी की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *15*

(c) मानक हिन्दी की व्याकरणिक संरचना के स्वरूप पर चर्चा कीजिए । *15*

SECTION B

Q5. **निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए :** *10×5=50*

(a) सिद्ध-नाथ साहित्य का भाषिक तथा साहित्यिक अवदान *10*

(b) कृष्णभक्ति काव्य धारा के विकास में विविध संप्रदायों का योगदान *10*

(c) रीतिमुक्त कवियों की प्रणय चेतना *10*

(d) भारतेन्दु ने अपने नाटकों में संस्कृत की चरित्र-चित्रण पद्धति का अनुसरण किया है – सोदाहरण समझाइए । *10*

(e) प्रेमचन्द की कहानियों का मूल स्तर *10*

Q6. (a) विद्यापति की कविताओं में व्यक्त भक्ति के स्वरूप का सोदाहरण विवेचन कीजिए । *20*

(b) भारतीय साहित्य की उपेक्षिता नारी को अपना अधिकार दिलाकर मैथिलीशरण गुप्त ने नारी विमर्श को एक नवीन दिशा दी है – कैसे ? समझाकर लिखिए । *15*

(c) गोस्वामी तुलसीदास रामराज्य के माध्यम से कल्याणकारी-राज्य का आदर्श उपस्थित करते हैं – मूल्यांकन कीजिए । *15*

Q7. (a) हिन्दी साहित्य की आलोचना परंपरा मूलत: आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की मान्यताओं का ही खंडन-मंडन है – युक्तियुक्त विवेचन कीजिए । *20*

(b) जयशंकर प्रसाद के नाटकों की ऐतिहासिकता पर विचार कीजिए । *15*

(c) हिन्दी क्षेत्र की लोकनाट्य पद्धतियों का परिचय देते हुए हिन्दी रंगमंच की विकास यात्रा का मूल्यांकन कीजिए । *15*

Q8. (a) हिन्दी साहित्य में रेखाचित्र के इतिहास का परिचय देते हुए महादेवी वर्मा के रेखाचित्रों की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *20*

(b) जैनेन्द्र कुमार का गद्य-लेखन व्यक्ति की गुम होती पहचान को उभारकर सामने रखता है – विवेचन कीजिए । *15*

(c) मोहन राकेश के ऐतिहासिक नाटकों की मंच-सज्जा का विवेचन कीजिए । *15*